दिनांक–22.04.2024
समय–7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – देश में स्थाई और मजबूत सरकार जरूरी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्किार्जुन खड़गे बोले– कांग्रेस ने गरीबों के हितों की रक्षा की।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज पद्‌म पुरस्कार प्रदान करेंगी। पूर्व उप–राष्ट्रपति वैंकैया नायडु और नृत्यांगना पदमा सुब्रमण्यिम सहित कई विभूतियों को किया जाएगा सम्मानित।
- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार चरम पर। 13 राज्यों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट।
- आईपीएल क्रिकेट में आज शाम राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस के बीच होगा मुकाबला।

प्रधानमंत्री रैली – बांसवाडा

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री ने देश में स्थायी और मजबूत सरकार की आवश्यकता पर जोर दिया है। कल राजस्थान में बांसवाडा में एक चुनावी रैली में श्री मोदी ने कहा कि देश को एक ऐसी सरकार की जरूरत है जो भविष्य की जरूरत के अनुसार बुनियादी सुविधाओं का विकास कर सके, युवाओं के सपनों को समझ सके और उनके अनुसार नीतियां तैयार कर सके तथा महिलाओं, किसानों, गरीबों, वंचितों, जनजातीय और पिछडे वर्ग के लोगों का ध्याअन रख सके। पिछले दस वर्षो में केन्द्र सरकार के कार्यो का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के बडी संख्या में परिवारों को पक्को मकान दिया गया है, नल से जल उपलब्ध्‍ कराया गया है और महिलाओं को रसोई गैस कनेक्शन देकर धुएं से मुक्ति मिली है। श्री मोदी ने पिछली कांग्रेस सरकार पर जनजातियों के कल्याण के लिए कोई काम न करने और जनजाति समुदाय की क्षमता को मान्यता न देने का आरोप लगाया। कांग्रेस पर भाई–भतीजावाद का आरोप लगाते हुए श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और आईएनडीआई गठबंधन के नेता अपने परिवार के सदस्यों को आगे बढाने में व्यस्त हैं।

चुनाव प्रचार–प्रदेश

कांग्रेस के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कल सतना में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम जो वादे करते हैं, वो पूरा कर दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मनरेगा, खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसे कानून बनाए और गरीबों के हितों की रक्षा की। सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित अनेक नेता मौजूद रहे। वहीं भाजपा के नेता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा, सतना, दमोह और टीकमगढ़ संसदीय क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की नीतियों की आलोचना करते हुए इसे गरीब विरोधी बताया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास के लिये काम किया जा रहा है।

राष्ट्रपति पद्‌म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में पद्‌म पुरस्कार प्रदान करेंगी। श्रीमती मुर्मु पूर्व उप– राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडु तथा भरतनाट्यम नृत्यांगिना डॉक्टर पद्‌मा सुब्रमण्यिम को पद्‌म विभूषण प्रदान करेंगी। डॉक्टर बिन्देश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्‌म विभूषण दिया जाएगा। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती और गायिका ऊषा उथुप को पद्‌म भूषण से सम्मानित किया जाएगा। इनके अलावा समाज सेवी डॉक्टर सीताराम जिंदल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तेजस मधुसूदन पटेल और उत्तरप्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक को भी पद्‌म भूषण से नवाजा जाएगा।

देश में पद्‌म पुरस्कार सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार हैं जो तीन श्रेणियों पद्‌म विभूषण, पद्‌म भूषण और पद्‌म श्री में प्रदान किये जाते हैं। इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस पर की जाती है।

प्रत्यक्ष कर

वित्त वर्ष 2023–24 में भारत का कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 17 दशमलव सात प्रतिशत बढकर 19 लाख 58 हजार करोड रुपए हो गया है। पिछले साल यह 16 लाख 64 हजार करोड रुपए था। इस वित्तै वर्ष का संग्रह, बजट अनुमान से सात दशमलव चार प्रतिशत यानी एक लाख 35 हजार करोड रुपए ज्यादा है। यह आंकडे वित्त मंत्रालय ने जारी किए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि पिछले वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह का बजट अनुमान 18 लाख 23 हजार करोड रुपए रखा गया था। बाद में उसे बढाकर 19 लाख 45 हजार करोड रुपए कर दिया गया था और अनुमानित संग्रह उस संशोधित अनुमान से भी 13 हजार करोड रुपए अधिक है।

स्लोगन प्रतियोगिता–प्रदेश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत "प्रत्येक वोट जरूरी है" विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि **https://mp.mygov.in/** पोर्टल पर भेजनी होगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। प्रतिभागी 25 अप्रैल तक अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे।

दूसरा चरण मतदान–प्रदेश

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार चरम पर है। इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इस चरण में प्रदेश की 6 सीटों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद में भी वोट डाले जाएंगे। इन क्षेत्रों में प्रचार अभियान बुधवार को थम जाएगा।

दूसरी ओर प्रदेश में जारी लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियां जारी हैं। नर्मदापुरम जिले में स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में अभियान के दौरान पूरे दमदम ग्राम में रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। देवास में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत आज वृद्धा आश्रम बसेरा में वृद्ध जनों द्वारा नींबू रेस, चेयर रेस का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान में 85 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों का सम्मान किया गया। साथ ही मतदान करने की अपील की एवं मतदान की शपथ दिलाई गई। नीमच में दिव्यांगजनों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई, यहां मूकबधिर दिव्यांगजनों से सांकेतिक भाषा में मतदान करने की अपील की गई।

निरीक्षण–दूरदर्शन

सूचना–प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कल इंदौर में दूरदर्शन केन्द्र का निरीक्षण किया। विमानतल पर आकाशवाणी के डायरेक्टर सुदर्शन अनसुलिया, कार्यक्रम प्रमुख जयंत श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। निरीक्षण के दौरान श्री जाजू ने दूरदर्शन तथा आकाशवाणी के अधिकरियो को स्थानीय मालवी बोली पर केंद्रित कार्यक्रमों के निर्माण के निर्देश दिये। उन्होंने सूचना प्रसारण मंत्रालय के अन्य मीडिया यूनिट सी.बी.सी और आकाशवाणी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमो की जानकारी ली। इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित थे।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे **WhatsApp** नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल पुरुष क्रिकेट में चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हरा दिया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स 20 ओवर में 142 रन पर आउट हो गई। पंजाब की तरफ से प्रभसिमरन सिंह 21 गेंदों में 35 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। आर साईं किशोर ने गुजरात की तरफ से चार विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

रविवार के पहले मैच में, कोलकाता नाइट राइडर्स ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आखिरी गेंद पर रोमांचक मुकाबले में एक रन से हरा दिया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता ने कप्तान श्रेयस अय्यर के 36 गेंदों में 50 और सलामी बल्लेबाज फिलिप साल्ट के 14 गेंदों में 48 रनों की बदौलत 20 ओवर में छह विकेट पर 222 रन का विशाल स्कोर बनाया। बेंगलुरु की तरफ से कैमरून ग्रीन और यश दयाल ने दो–दो विकेट लिए। फिलहाल अंकतालिका में कोलकाता दूसरे स्थान पर है, जबकि आरसीबी सबसे निचले पायदान पर है।

आज शाम साढ़े 7 बजे जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- लोकसभा निर्वाचन के लिये नर्मदापुरम विधान सभा में निर्वाचन कराने वाले 262 दलों ने अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। विधान सभा नर्मदापुरम में 262 मतदान दलों के सभी प्रशिक्षित 1048 अधिकारी कर्मचारी ईडीसी के माध्यम से मतदान करेंगे।
- हर मतदाता तक मतदान करने का संदेश पहुँचाने के लिए कल ग्वालियर में विशाल बाइक रैली निकली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रुचिका चौहान के नेतृत्व में लोगों को मतदान के लिये प्रेरित किया गया।
- पन्ना जिला जेल में विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक सहायता शिविर आयोजित किया गया।
- आगरमालवा जिले के ग्राम हिरणखेड़ी में पाटीदार समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में नवयुगल जोड़ों ने फेरे लेने के साथ ही मतदान अवश्य करने की शपथ ली।

———————————————

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

**(1) दूसरा चरण मतदान-प्रदेश**

**लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार चरम पर है। इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इस चरण में प्रदेश की 6 सीटों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहों, सतना, रीवा और होशंगाबाद में भी वोट डाले जाएंगे। इन क्षेत्रों में प्रचार अभियान बुधवार को थम जाएगा।**

**दूसरी ओर प्रदेश में जारी लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियां जारी हैं। नर्मदापुरम जिले में स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में अभियान के दौरान पूरे दमदम ग्राम में रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। देवास में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत आज वृद्धा आश्रम बसेरा में वृद्ध जनों द्वारा नींबू रेस, चेयर रेस का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान में 85 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों का सम्मान किया गया। साथ ही मतदान करने की**

अपील की एवं मतदान की शपथ दिलाई गई। नीमच में दिव्यांगजनों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई, यहां मूकबधिर दिव्यांगजनों से सांकेतिक भाषा में मतदान करने की अपील की गई।

**(2) चुनाव प्रचार-प्रदेश**

कांग्रेस के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कल सतना में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम जो वादे करते हैं, वो पूरा कर दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मनरेगा, खाद्‍य सुरक्षा अधिनियम जैसे कानून बनाए और गरीबों के हितों की रक्षा की। सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित अनेक नेता मौजूद रहे। वहीं भाजपा के नेता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा, सतना, दमोह और टीकमगढ़ संसदीय क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की नीतियों की आलोचना करते हुए इसे गरीब विरोधी बताया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास के लिये काम किया जा रहा है।

**(3) स्लोगन प्रतियोगिता-प्रदेश**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत "प्रत्येक वोट जरूरी है" विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्‍वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि https://mp.mygov.in/ पोर्टल पर भेजनी होगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। प्रतिभागी 25 अप्रैल तक अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे।

**(4) लाइसेंसी शस्त्र-प्रदेश**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिऐ सतत निगरानी की जा रही है। पुलिस द्वारा लाइसेंसी शस्त्र एवं विस्फोटक पदार्थों की जब्ती की कार्रवाई लगातार जारी  है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश में अब तक 2 लाख 73 हजार 432 लाइसेंसी शस्त्र थानों में जमा करा लिये गये हैं। प्रदेश में 46 हजार 832 गैर जमानती वारंटों की तामीली भी हो चुकी है। कुल 792 शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान पुलिस द्वारा अब तक 3 हजार 344 अवैध हथियार, 934 कार्टिज एवं 6 विस्फोटक पदार्थ जब्त किये गये हैं। इसके साथ ही 2 लाख 11 हजार 651 व्यक्तियों पर विभिन्न धाराओं में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा चुकी है। प्रदेश में कुल 312 अंतर्राज्यीय नाकों एवं 522 आंतरिक नाकों से कड़ी निगरानी की जा रही है।

## (5) निरीक्षण-दूरदर्शन

सूचना-प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कल इंदौर में दूरदर्शन केन्द्र का निरीक्षण किया। विमानतल पर आकाशवाणी के डायरेक्टर  सुदर्शन अनसुलिया, कार्यक्रम प्रमुख जयंत श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। निरीक्षण के दौरान श्री जाजू ने दूरदर्शन तथा आकाशवाणी के अधिकरियो  को  स्थानीय मालवी बोली पर केंद्रित कार्यक्रमों के निर्माण के निर्देश दिये। उन्होंने सूचना प्रसारण मंत्रालय के अन्य मीडिया यूनिट सी.बी.सी और आकाशवाणी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमो की जानकारी ली। इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित थे।

---------------------------------------